
एक नजर में

## स्वतंत्र प्रेस क्लब की बैठक में मिलन समारोह पर हुआ विचार-विमर्श

### पांच नवीन सदस्यों को मिली क्लब की सदस्यता

**बदनावर।** स्वतंत्र प्रेस क्लब बदनावर की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय निजी होटल में संपन्न हुई। बैठक में आगामी दिनों में मीडियाकर्मियों के आपसी सौहार्द एवं संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मिलन समारोह आयोजित करने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र अग्निहोत्री ने की। इस अवसर पर क्लब की गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन सचिव नवीन चौहान द्वारा प्रस्तुत किया गया। बैठक में संरक्षक महेश पाटीदार, कोषाध्यक्ष मनीष शर्मा, उपाध्यक्ष विनय पाटीदार सहित सदस्य राकेश सिंह चौहान, आशिष परमार, प्रवीण चावला, प्रदीप पंवार, सचित बाहेती एवं अन्य मीडियाकर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन विस्तार को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए पांच नए सदस्यों को क्लब की सदस्यता प्रदान की गई। क्लब में चंद्रभानु सिंह सोलंकी, भूपेन्द्र सिंह जादौन, दिलीप नागोरिया, निलेश पाटीदार एवं स्वदेश सिंह पवार को नवीन सदस्यों के रूप में शामिल किया गया।

## जिला उपाध्यक्ष मोदी का स्वागत



**नागदा ( धार )**– भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती विधानसभा द्वारा जिला कार्यकारिणी मे बदनावर के कानवन क्षेत्र के युवा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष, सुनील मोदी को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर नागदा नगरागमन पर आतिश बाजी एवं ढोल बजा कर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कि । विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष बीडवाल पवन डोड एवं धार जिला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष जाकिर पटेल पलवाडा थे। मंचासीन अतिथियों मे नरेन्द्रसिहं लखपति एवं कुलदीप जाट थे ।सुनील मोदी का स्वागत करने में पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष जगदीश जी भाटी, पिछड़ा, मोची के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश जाखड़, , जितेन्द्र सिंह मोयल पूर्व मंडलमंत्री, मुकेश चौधरी, वरुण शर्मा, प्रदीप खारोल, सरपंच पन्नालाल कोहली, दीपक कुमावत, दिनेश जी चावडा, विजय कोठारी, जितेंद्र सिंह जी चावडा छायन, चयन बाफना, जयनारायण दुबे, रितेश राजौरिया, पेन्टर खंडेलवाल, सवाब पटेल, सरपंच महेश मेहरा , दीपक त्रिवेदी आदि थे। स्वागत भाषण विनोद जी कोठारी ने दिया। सचालन अब्दुल सत्तार कौशी ने किया । आभार जगदीश जी भारी ने माना।

## थाना सादलपुर में पुलिसकर्मियों के लिए तनाव मुक्ति एवं ध्यान सत्र आयोजित



**नागदा ।** थाना सादलपुर में रविवार को मध्यप्रदेश पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन में एव पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व हार्टफुलनेस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में तनाव मुक्ति एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना, आंतरिक संतुलन विकसित करना तथा उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि करना रहा। थाना प्रभारी सविता चौधरी ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि पुलिस सेवा अत्यंत चुनौतीपूर्ण और दबावपूर्ण होती है। निरंतर ड्यूटी, कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारियां, आपात स्थितियां और सामाजिक दायित्वों के कारण पुलिसकर्मियों पर मानसिक एवं भावनात्मक तनाव बना रहता है। उन्होंने बताया कि ध्यान और योग जैसी गतिविधियां पुलिसकर्मियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाती हैं तथा तनाव से राहत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ध्यान सत्र के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मानसिक एकाग्रता, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बढ़ाने के विभिन्न उपाय बताए गए। इस आयोजन का मुख्य संदेश फ्रहर दिल ध्यान, हर दिन ध्यानफ्र रहा। कार्यक्रम में थाना सादलपुर का समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

## नेत्र शिविर का आयोजन



**लाबरिया ।** सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजोद सब सेंटर लाबरिया पर जिला अंधत्व निवारण समिति धार एवं टी चोइथराम नेत्रालय इंदौर के संयुक्त तत्वधान में नेत्र शिविर का आयोजन रखा गया जिसका उद्घाटन सरपंच महोदय जितेंद्र गामड़ राजोद एवम् राजेश गामड़ एवं मेडिकल ऑफिसर अनिल भवर द्वारा किया गया ।जिसमें 162 मरीजों का नेत्र परीक्षण एसके पाराशर एवं ममता पाराशर नेत्र चिकित्सा सहायक सरदारपुर द्वारा किया गया जिसमें 52 मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया जिन्हें निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण हेतु टी चोइथराम नेत्रालय इन्दौर बस द्वारा भिजवाया गया उक्त शिविर में डॉ अनिल भवर मेडिकल ऑफिसर एवं के द्वारा सभी मरीजों का मेडिकल चेकअप किया गया उक्त शिविर में समस्त सी एच ओ, समस्त ए एन एम, समस्त आशा का सहयोग रहा उक्त शिविर डॉक्टर सौरभ बोरासी जी नेत्र रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय धार एवं डॉक्टर शीला मुजाल्दा मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी सरदारपुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## अवैध धर्मान्तरण की गतिविधियों को रोकने हेतु हिन्दू समाज ने दिया ज्ञापन

**टाण्डा ।** क्षेत्र में ब? स्तर पर भोले -भाले जनजाति आदिवासी समाज के लोगो के साथ अवैध धर्मान्तरण की गतिविधिया ब?ती जा रही हैं। जिसको रोकने के लिए जनजाति समाज के लोगों द्वारा डाक बंगला से रैली के रूप में निकलकर एक ज्ञापन टाण्डा थाना प्रभारी के नाम दिया। जिससे बताया कि कैसे भोले- भाले लोगो को पैसे का लालच देकर झूठी कहानियां सुनाकर इलाज के बहाने धमकियां देकर दबाव बनवा रहे है। व जनजाति संस्कृति का पालन नही करना कहकर हिन्दू धर्म से अलग करवा रहे है। साथ ही ब?ी संख्या में लोगो को धर्मान्तरित किया जा रहा है। 24 दिसम्बर 2025 से 1 जनवरी 2026 तक टाण्डा क्षेत्र के अनेक गाँवो में जैसे हासलब?, बडकच्छ, गेटा,आम्बापुर, डोबनी में ब? पैमाने पर जनजाति समाज के लोगो के साथ प्रलोभन देकर धमका कर अवैध धर्मान्तरण का कार्यक्रम कर हिन्दू संस्क्रति देवी देवता पर विसंगति एवं भ्रामक दुष्प्रचार कर भृम फैलाने का काम किया जा रहा हैं।






# अनुशासन-नेतृत्व क्षमता के साथ स्वस्थ समाज के निर्माण में खेलों की भूमिका महत्वपूर्ण : ठाकुर

## धार में सांसद खेल महोत्सव संपन्न, राज्यसभा सांसद सहित जनप्रतिनिधि शामिल

- जिले के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में महोत्सव के अंतर्गत आयोजित स्पर्धाओं और जिला स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सम्मानित हुए





**धार।** माननीय प्रधानमंत्री श्रीनरेन्द्र मोदी जी की मंशा अनुरूप एवं क्षेत्रीय सांसद केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर के नेतृत्व में फिट इंडिया मूवमेंट के अपने साकार करने एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 15 अक्टूम्बर से 25 दिसम्बर 2025 के मध्य किया जाना था। जिसका सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन रविवार को उदय रंजन खेल मैदान में आयोजित किया गया। सांसद खेल महोत्सव में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ सुमेरसिंह सोलंकी,कार्यक्रम संयोजक केंद्रीय राज्यमंत्री क्षेत्रीय सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर राज्यसभा सांसद डॉ कविता पाटीदार, भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती विधायक श्रीमती नीना वर्मा समेत प्रशासनिक अधिकारी खेल अधिकारी एवं कर्मचारी मंचासीन रहे ।अतिथि डॉ सुमेर सिंह सोलंकी और डॉ कविता पाटीदार ने पीएम के खेलो इंडिया, फिट इंडिया अभियान को गति देने के उद्देश्य से आयोजित होने वाली स्पर्धाओं में खेल भावना और कौशल दिखाने पर खिलाडि?ों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम संयोजक व क्षेत्रीय सांसद केन्द्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि खेलों से अनुशासन आता है। नेतृत्व क्षमता और समन्वय जैसी कलाओं का विकास होता है। खेल सिर्फ प्रतियोगिताएं ही नहीं बल्कि स्वस्थ समाज के निर्माण में भी भूमिका निभाते हैं। इससे शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इन्हीं उद्देश्यों के साथ खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी के द्वारा फिट इंडिया मुवमेंट की संकल्पना की गई है।

### चयनित खिलाड़ियों को लोकसभा स्तरीय स्पर्धाओं में प्रदर्शन का मौका मिला

सांसद खेल महोतसव के तहत जिले की विधानसभा क्षेत्रों में 15 अक्टूबर से खेल गतिविधियां आयोजित की जा रही थी। विधानसभा स्तर पर गतिविधियों के पश्चात चयनित खिलाडियों को लोकसभा स्तरीय स्पर्धाओं में प्रदर्शन का अवसर मिला। समापन अवसर पर रविवार को अलग-अलग खेल मैदानों और प्रशिक्षण संस्थाओं में कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबाल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, एथलैटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती जैसी स्पर्धाएं आयोजित होगी। जिसमें शासकीय विद्यालयों के खिलाड़ी विद्यार्थी सहित अन्य संस्थाओं के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा स्पर्धाओं के विजेता खिलाडि?ों से मंच से पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया की सांसद खेल महोत्सव समापन के अवसर पर पूर्व सांसद छतरसिंह दरबार,पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी जिला महामंत्री राकेश पटेल देवेंद्र सोनोने पूर्व विधायक वेल सिंह भूरिया मुकाम सिंह निगवाल भाजपा नेता शेखर यादव नव नियुक्त जिला पदाधिकारी समेत जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## त्रिमूर्ति नगर में हिंदू सम्मेलन हेतु कार्यालय का उद्घाटन



**धार। हिंदू संघ शताब्दी के उपलक्ष्य में आगामी 4 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले विशाल %हिंदू सम्मेलन% की तैयारियाँ जोर-शोर से प्रारंभ हो गई हैं। इसी क्रम में त्रिमूर्ति नगर बस्ती के लिए निर्धारित कार्यालय का विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ ।**संत सानिध्य में हुआ शुभारंभत्रिमूर्ति नगर स्थित मकान नंबर 129 (सोलंकी जी का निवास) पर आयोजित इस गरिमामयी समारोह में पूज्य संत श्री सुरेशानंद जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। महाराज श्री के कर-कमलों द्वारा कार्यालय का शुभ उद्घाटन किया गया। जनसमूह ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा एवं श्री राम स्तुति का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। । पीले चावल का निमंत्रण- सम्मेलन के लिए प्रत्येक घर जाकर पीले चावल देकर जन-जन को आमंत्रित करने की योजना बनाई गई। भूमि पूजन-4 जनवरी के मुख्य आयोजन हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। नई कार्यकारिणी की घोषणाहिंदू सम्मेलन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु पदाधिकारियों की घोषणा की.

## दाताहरी पब्लिक स्कूल नें मनाया 28 वां स्थापना दिवस

- स्कूल की पूर्व छात्रा रही असिस्टेंड प्रोफेसर संजना गुप्ता बनी स्थापना दिवस की मुख्य अतिथि





**धार.** नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दाताहरी पब्लिक स्कूल के संस्थापक सेठ बुदीचंदजी गुप्ता की जन्म जयंती एवं स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विधार्थियो नें जंगल बुक% और %एक्सपोज़ीशन बाय जूनियर इन्वेंटर्स% के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।इस समारोह में खास बात यह रही की मुख्य अतिथि संजना गुप्ता थी जो कि इसी विद्यालय की छात्रा होकर हाल में असिस्टेंड प्रोफेसर पद पर चयनित हुई है.विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष समाजसेवी महेंद्र सेठ गुप्ता,उपाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता,बाबूलाल गुप्ता,प्रफुल्ल मधुप,अनिल गुप्ता के साथ अतिथि प्रोफेसर संजना गुप्ता के मातापिता ओपी गुप्ता व तरुणा गुप्ता उपस्थित थे ।सर्वप्रथम अतिथियों नें माँ सरस्वती के चित्र एवं विद्यालय संस्थापक सेठजी की प्रतिमा पूजन कर माल्यार्पण किया.इस गौरव के क्षण पर मुख्य अतिथि संजना गुप्ता का स्वागत करते हुए विद्यालय प्राचार्या दर्शनी पाटीदार एवं परिवार ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा की यहाँ से शिक्षित होकर विद्यार्थी देश के प्रतिष्ठित पदों पर अपनी सेवाएँ देते है तों परिवार के साथ विद्यालय भी गौरवान्वित होता है.इस मौके पर स्कूल के नन्हे वैज्ञानिकों और नवाचारियों ने विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला, वाणिज्य, गणित, हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत जैसे विषयों पर आधारित अपने प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गये मॉडल जिसमें चंद्रयान-3,दाताहरि पब्लिक स्कूल% का मॉडल, %शाकुंतलम्% की प्रस्तुति, %सत्यभामा नृत्य नाटिका% और %अष्टावक्र की कहानी% आकर्षण का केंद्र रहे।

# यह मांगलिक करेगा सभी जन का कल्याण : आचार्य श्री

- आयोजक मंडल ने छोड़ी एक ऐतिहासिक अमित
- ज्ञान प्रकाश आयोजन की छाप





**बदनावर ।** प्रभु भगवान महावीर के शासन में प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा प्रदत मत्रों से युक्त यह मांगलिक सभी के कल्याण के लिए है इसके श्रवण से आदि ,व्याधि और उपाधि आदि समस्त तकलीफे दूर होती है आप यह मांगलिक भक्ति भाव एवं श्रद्धापूर्वक सुने ताकि आपके जीवन में सुख समृद्धि हो

उक्त प्रवचन आचार्य श्री नवरत्न सागर सुरिश्वर जी महाराज साहब के शिष्य युवाचार्य श्री विश्वरत्न सागर सूरी जी महाराज साहब ने माह में एक दिन होने वाली महा मंगलिक के पूर्व अपने उद्बोधन में दिए प्रवचन के पश्चात अपने ओंकार नाद एवं नवकार मंत्र से प्रारंभ की इसके पश्चात वज्र पंजर स्तोत्र के द्वारा सुरक्षा कवच एवं शुद्ध करवाई गई तत्पश्चात विभिन्न प्राचीन ग्रंथो के बीज मंत्र एवं मूल मंत्र उवसगरम, बड़ी शांति ,कल्याण कंडम, शांतिकरम आदि कई स्रोत के साथ लगातार 2 घंटे तक श्रद्धालुओं को सुनाई गई श्रद्धालुओं ने भी पूरे शांति भाव इन एवं तन्मयता के साथ मांगलिक श्रवण कीया

महा मंगलिक के पश्चात अपने अपने उद्बोधन में अमित जैन विकी एवं परिवार की अनुमोदना करते हुए कहा कि यह मांगलिक मेरे लिए ऐतिहासिक है इतनी बड़ी संख्या में श्रोता एवं इतनी सुंदर व्यवस्था आज तक किसी भी मांगलिक में नहीं देखी एक विशेषता ओर रही कि इस मांगलिक में सभी समाज के सदस्य सभी राजनीतिक दलों के नेता एवं विभिन्न संस्थाओं के सदस्य उपस्थित रहे आज प्रातः से ही महा मंगलिक स्थल यश कॉलेज परिसर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमर पड़ा चारों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दे रही थी सभी और उत्साह का वातावरण था।

आयोजक द्वारा सभी के बैठने एवं भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई थी प्रवचन स्थल पर बनाया गया विशाल पंडाल भी छोटा पड़ गया। यह रहे अतिथि- रमेश जी हरण श्रकमलेश जी सोजतिया हेमंत जी सोजतिया श्री नरेंद्र जी श्रीमाल दौलत जी जैन, धार सांसद एवं मंत्री सावित्री ठाकुर, नगर विधायक भंवर सिंह जी शेखावत, सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल, मोहनखेड़ा ट्रस्ट के ट्रस्टी सुजानमाल जी सेठ ,श्री नागेश्वर तीर्थ के ट्रस्टी राजेश जी डग उद्योगपति एवं राज्य मंत्री राजेश अग्रवाल ,मनोज सोमानी, मूर्ति पूजक श्री संघ के अध्यक्ष श्री राजमल सूर्या, स्थानकवासी श्री संघ के अध्यक्ष श्री सुरेंद्र मूणत, साधु मार्गी श्री संघ के अध्यक्ष सुनील कटिहार, दिगंबर श्री संघ के श्री राजेश मोदी सहित कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही.

एक नजर

पिटगारा चौराहे पर फोरलेन बना खतरे का कारण

# स्पीड ब्रेकर के अभाव और धीमी मरम्मत से हादसे की आशंका बढ़ी



**बदनावर ।** ग्राम पिटगारा के प्रमुख चौराहे पर स्थित फोरलेन मार्ग पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने और सड़क मरम्मत का कार्य बेहद धीमी गति से चलने के कारण आमजन की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, जहां प्रतिदिन गांव के छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाने के लिए इसी व्यस्त मार्ग को पार करते हैं और बदनावर की ओर आने-जाने वाली स्कूल बसें भी इसी चौराहे से होकर गुजरती हैं, लेकिन गति नियंत्रण की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं होने से भारी वाहन, बसें, कारें और दोपहिया चालक तेज रफ्तार में निकल जाते हैं, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है, ग्रामीण दीपेंद्र सिंह पंवार और प्रेम सिंह पंवार ने बताया कि फोरलेन बनने के बाद से वाहनों की संख्या और उनकी रफ्तार में लगातार इजाफा हुआ है, जबकि चौराहे पर पहले स्पीड ब्रेकर मौजूद थे, जिन्हें सड़क मरम्मत का कार्य शुरू होते ही हटा दिया गया, इसके बाद से वाहन बिना रुके तेज गति से गुजर रहे हैं और खासकर स्कूल समय में बच्चों को सड़क पार करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, उन्होंने यह भी बताया कि मरम्मत कार्य लंबे समय से अधूरा पड़े रहने के कारण मार्ग पर असमान स्थिति बनी हुई है, जिससे वाहन चालक अचानक दिशा बदलते हैं और हादसों की संभावना और बढ़ जाती है, ग्रामीणों के अनुसार यह चौराहा पहले भी गंभीर दुर्घटनाओं का गवाह रहा है और पिछले दिनों यहां सड़क हादसों में लोगों की मौत तक हो चुकी है, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए हैं, ग्रामीणों का कहना है कि इस विषय में फोरलेन अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठाया, जिससे प्रशासनिक उदासीनता को लेकर नाराजगी और बढ़ गई है, उल्लेखनीय है कि बीते दिनों बदनावर चौपाटी पर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बदनावर के सभी वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं फोरलेन अधिकारी की बैठक आयोजित हुई थी।

जिसमें यातायात सुधार को लेकर चर्चा की गई, वहीं अब 22 दिसंबर को पुनः सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं फोरलेन अधिकारी की समीक्षा बैठक प्रस्तावित बताए जाने के बाद ग्रामीणों को उम्मीद है कि पिटगारा चौराहे की गंभीर समस्या पर भी ठोस निर्णय लिया जाएगा, ग्रामीणों और अभिभावकों ने मांग की है कि उक्त बैठक में इस चौराहे पर तत्काल स्पीड ब्रेकर का पुनः निर्माण, चेतावनी संकेतक लगाने, सड़क मरम्मत कार्य में तेजी लाने और स्कूल समय में विशेष ट्रैफिक नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मासूम बच्चों सहित आम नागरिकों की जान की सुरक्षा हो सके और भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।